# नपं में नियम विरुद्ध नियुक्तियों का मामला गरमाया

**खास बातें**

- अवैध नियुक्तियों और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप
- शासन स्तर पर कार्रवाई की मांग तेज




**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, 14 अप्रैल . नगर परिषद कुरवाई में कथित रूप से नियम विरुद्ध नियुक्तियों और वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है . आरोप है कि बिना आवश्यक प्रशासकीय स्वीकृति के कर्मचारियों की नियुक्तियां की गईं और लंबे समय से राजकोष पर व्यय जारी है .**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी भी निकाय में नियुक्तियों के लिए सक्षम प्राधिकारी, जैसे जिलाधीश या शासन की प्रशासकीय स्वीकृति अनिवार्य होती है, लेकिन इस मामले में ऐसी स्वीकृति नहीं ली गई होने की बात कही जा रही है . इसके अलावा परिषद की प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल (पीआईसी) द्वारा पारित प्रस्ताव को भी नियमों के विपरीत बताया जा रहा है .बताया जा रहा है कि 22 दिसंबर 2022 को पारित प्रस्ताव में 15 कर्मचारियों की नियुक्ति 4 माह के लिए दर्शाई गई थी, लेकिन वे कर्मचारी वर्तमान तक कार्यरत हैं और उन्हें लगातार वेतन भुगतान किया जा रहा है . इस पर सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व में जारी आदेशों के उल्लंघन के आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जिनमें मस्टर रोल पर नई नियुक्तियों पर प्रतिबंध का उल्लेख है.

### शासन स्तर से होगा अंतिम निर्णय-संयुक्त संचालक

नगरीय प्रशासन एवं विकास (भोपाल संभाग) के संयुक्त संचालक एस. के. बेलिया से चर्चा की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्तर के मामलों में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति उनके कार्यालय के पास नहीं है. उन्होंने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही या पद से पृथक करने का अधिकार केवल मंत्रालय (नगरीय विकास एवं आवास विभाग, म.प्र. शासन) के पास सुरक्षित है. हमारे स्तर पर जाँच रिपोर्ट के आधार पर तथ्य प्रेषित किए जा सकते हैं, किंतु अंतिम निर्णय शासन स्तर से ही लिया जाता है.

### नियम विरुद्ध नियुक्तियों पर कार्रवाई की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि नियुक्तियों का आधार ही नियम विरुद्ध पाया जाता है, तो अब तक किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आ सकता है . उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है .प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में हाल ही में हुई कार्रवाई का हवाला देते हुए नागरिकों ने कहा कि जहां-जहां अनियमितताएं सामने आईं, वहां शासन द्वारा कड़े कदम उठाए गए हैं . ऐसे में कुरवाई के मामले में भी पारदर्शी जांच और उचित कार्रवाई अपेक्षित है.सूत्रों के अनुसार, पूरे प्रकरण को लेकर लोकायुक्त एवं उच्च प्रशासनिक स्तर पर शिकायत करने की तैयारी की जा रही है . हालांकि इस संबंध में अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि शासन एवं नगरीय प्रशासन इस पर क्या निर्णय लेता है .

# मूड़रीधाम में अक्षय तृतीया पर 31 जोड़ों का नि :शुल्क विवाह

**आज निकलेगी रामकथा की भव्य कलश यात्रा**

**सात दिवसीय आयोजन की तैयारियां तेज**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 14 अप्रैल, अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर मूड़री धाम में 20 अप्रैल को 31 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा. इस आयोजन के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा की शुरुआत आज मंगलवार 14 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी.**

कई वर्षों बाद सामाजिक समरसता और सेवा का यह अनूठा आयोजन फिर से प्रारंभ हो रहा है. आश्रम के पूर्व महंतों द्वारा शुरू की गई इस परंपरा को वर्तमान महंत परशुराम दास जी महाराज द्वारा पुन: जीवंत किया जा रहा है. इस आयोजन में सभी वर्गों की कन्याओं का विधि-विधान से विवाह कराया जाएगा.विवाह आयोजन से पूर्व धार्मिक वातावरण में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है. इसकी शुरुआत के लिए आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा.संगीतमय राम कथा का वाचन लोकेन्द्र दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा. कथा के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे.

महंत परशुराम दास जी महाराज ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में विदिशा, गंज बासौदा, सागर, उदयपुर और त्योंदा तहसील से आने वाले 31 जोड़ों को आश्रम एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से गृहस्थी का संपूर्ण आवश्यक सामान निशुल्क प्रदान किया जाएगा, ताकि नवविवाहित जोड़े आत्मसम्मान के साथ अपने जीवन की नई शुरुआत कर सकें.उन्होंने बताया कि मूड़री धाम में पूर्व में भी संतों द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह कराए जाते रहे हैं. समय के साथ यह परंपरा कुछ समय के लिए थम गई थी, जिसे अब पुन: प्रारंभ किया गया है. इस पहल से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है.आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने और 20 अप्रैल को आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर नवयुगलों को आशीर्वाद देने की अपील की है.

## शिक्षकों की मांग पर विधायक मीणा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** 14 अप्रैल . अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा विदिशा द्वारा शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर दिए गए ज्ञापन के बाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है.जानकारी के अनुसार, संयुक्त मोर्चा ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्ति तथा नवीन शिक्षक संवर्ग के लिए प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने की मांग उठाई थी.इस पर विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में टीईटी से राहत देने एवं सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से करने का अनुरोध किया है.अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि प्रेम नारायण परिहार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि संगठन लंबे समय से इन मांगों को लेकर प्रयासरत है और शासन से सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा कर रहा है .

## बेटी ने बढ़ाया गांव का मान, 'मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 2026' में राज्य स्तर तक पहुंची

- मूडरा सुरई की शिवांगी रघुवंशी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, भोपाल में फाइनल राउंड में लिया हिस्सा



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन/विदिशा, 14 अप्रैल . तहसील नटेरन के ग्राम मूडरा सुरई की प्रतिभाशाली छात्रा शिवांगी रघुवंशी ने 'मेरा युवा भारत ' के अंतर्गत आयोजित 'मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर तक पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है.**

यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें शिवांगी ने अपने प्रयासों और कड़ी मेहनत के दम पर भाग लिया . उन्होंने प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय चरण को सफलतापूर्वक पार करते हुए राज्य स्तरीय अंतिम चरण में स्थान प्राप्त किया .राज्य स्तर पर आयोजित अंतिम चरण के लिए शिवांगी को भोपाल आमंत्रित किया गया, जहां 12 एवं 13 अप्रैल 2026 को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में उन्होंने सक्रिय सहभागिता की . इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया .कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, मंत्री विश्वास सारंग एवं अन्य विशेषज्ञों के साथ युवाओं का संवाद भी हुआ, जिससे प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ .समापन अवसर पर शिवांगी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया . अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पिता बलवीर सिंह रघुवंशी एवं माता दीपिका रघुवंशी को दिया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सकीं .शिवांगी की इस उपलब्धि से गांव में हर्ष और गर्व का वातावरण है . ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है .यह उपलब्धि दर्शाती है कि मजबूत संकल्प और परिवार के सहयोग से सीमित संसाधनों में भी बड़ी सफलताएं हासिल की जा सकती हैं .

# एक करोड़ की लागत से बनेंगे नौ आंगनवाड़ी केंद्र

**स्वस्थ और खुशहाल बचपन ही विकसित भारत का आधार- विधायक रघुवंशी**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,विधानसभा क्षेत्र गंजबासौदा-ग्यारसपुर में विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से नौ नवीन आंगनवाड़ी केंद्र भवनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है. इनका निर्माण एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण लगभग 12 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा. यह केंद्र वार्ड क्रमांक 7 सहित ग्राम पुआरिया हैदरगढ़, वैदकचौड़ा, धर्मपुर चक्क ग्यारसपुर, हैदरगढ़-3, दासीपुर, रहमानपुर, औलिंजा और मढ़िया खुर्द में बनाए जाएंगे.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्वस्थ और खुशहाल बचपन ही विकसित भारत की मजबूत नींव है. इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत इन केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को शासकीय प्राथमिक स्कूलों से जोड़कर प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है. इन नए भवनों में बच्चों के लिए अनुकूल शैक्षिक दीवार पेंटिंग, स्वच्छ पेयजल, बाल अनुकूल शौचालय, रसोईघर, खेल परिसर और आकर्षक बाउंड्री वॉल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी.इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में एलईडी टीवी की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे बच्चों को दृश्य एवं श्रव्य माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा दी जा सके.इस पहल पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया.

## बीजासन माता मंदिर में सत्संग माता-पिता की सेवा का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,बरेठ रोड स्थित बीजासन माता मंदिर में आयोजित भव्य सत्संग कार्यक्रम में वाराणसी से पधारे आचार्य सुनील शास्त्री ने अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया. उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में जितना महत्व ईश्वर भक्ति का है, उतना ही महत्व माता-पिता की सेवा का भी है, क्योंकि वे ही हमारे प्रथम गुरु और साक्षात देव स्वरूप होते हैं.**


आचार्य श्री ने कहा कि जिस प्रकार हम भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं, उसी प्रकार माता-पिता का सम्मान और सेवा भी पूरे मन से करना चाहिए. उन्होंने भगवान गणेश का उदाहरण देते हुए बताया कि माता-पिता की परिक्रमा कर उन्हें ही सम्पूर्ण संसार मानने के कारण ही वे प्रथम पूज्य बने. यह प्रसंग हमें सिखाता है कि माता-पिता की सेवा और सम्मान से ही जीवन में सफलता और शुभ फल प्राप्त होते हैं.उन्होंने आगे कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कई लोग अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं, लेकिन सच्चा धर्म वही है जो हमें अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञ बनाता है. उनके आशीर्वाद से ही जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है.सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के प्रेरणादायी विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने जीवन में माता-पिता की सेवा करने का संकल्प लिया. पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का भाव व्याप्त रहा. अंत में सभी भक्तों ने सत्संग का लाभ प्राप्त किया.

### नरखेड़ा जागीर का 1.782 हेक्टेयर तालाब हुआ अतिक्रमण मुक्त

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सिरोंज अनुभाग में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है . एसडीएम सिरोंज श्री हरिशंकर विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम नरखेड़ा जागीर स्थित तालाब, जो सर्वे नंबर 149 के अंतर्गत 1.782 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है, लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था.

## किसानों की समस्याओं को लेकर लगाई गुहार



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** क्षेत्र के कई किसानों ने किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि किसानों को वर्तमान में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं. जिनमें प्रमुख रूप से किसान कैडिट कार्ड की राशि निकालने में हो रही बाधाएं शामिल हैं. समिति प्रबंधक द्वारा किसानों को समय पर एवं उचित तरीके से राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. जिससे किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने प्रबंधक को तत्काल पद से हटाने की मांग की. साथ ही कहा कि क्षेत्र में नरवाई में आगजनी की घटनाओं को लेकर किसानों पर अनावश्यक रूप से कार्यवाही की जा रही है. कई बार यह घटनाएं प्राकृतिक या अन्य कारणों से भी होती हैं, परंतु बिना उचित जांच के किसानों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है. इससे किसानों में भय एवं असंतोष का माहौल बन रहा है. उन्होंने नरवाई में आगजनी के मामलों में किसानों पर कठोर कार्यवाही न करते हुए पहले निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की. इस दौरान कई किसान मौजूद रहे.

**आयोजन** | जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव और एकता का दिया संदेश

# अंबेडकर जयंती पर समरसता भोज, सामाजिक एकता का दिया संदेश

**रवीन्द्रनाथ ऑडिटोरियम में मनी अंबेडकर जयंती**




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को रविन्द्रनाथ ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि विधायक मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया.अपने उद्बोधन में श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय का प्रतीक है. उन्होंने सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया. उन्होंने कहा कि समरसता भोज जैसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं.इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर समरसता भोज में भाग लिया और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया तथा नागरिकों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी गईं.

### मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनी अंबेडकर जयंती

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कॉलेज डीन डॉ. मनीष निगम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवे सहित सभी विभागों के वरिष्ठ डॉक्टर, एसआर, जेआर, एमबीबीएस एवं पीजी छात्र उपस्थित रहे.जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन विदिशा के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ. विमल मेहरा ने बताया कि सुबह 9 बजे से दोपहर तक चले कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्रों ने रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, स्किट एवं कविता पाठ प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया.

### विधायक हरि सिंह सप्रे ने की घोषणा, कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को किया याद



डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को याद किया .कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह सप्रे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे . इस दौरान विधायक सप्रे ने अंबेडकर परिसर के जीर्णोद्धार के लिए 2 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की.

### कुरवाई में कांग्रेस व सामाजिक संगठनों ने मनाई अंबेडकर जयंती

कुरवाई में भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कांग्रेस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान अंबेडकर परिसर में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया.कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार, सीमा अहिरवार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हसरुद्दीन खान, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तिवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जफर शेख, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान काजी, पार्षद अनु काशिफ, लालूपेटर, सुरेंद्र अहिरवार, कमलेश सप्रे, गणेशाराम अहिरवार सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.अंबेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा भी इस अवसर पर भव्य आयोजन किया गया. अंबेडकर परिसर में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नगर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई.शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं ने नृत्य किया, वहीं विभिन्न ग्रामों से आए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों ने हाथों में झंडे लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी की. शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्र से होते हुए बीना तिराहा पर संपन्न हुई.

### कांग्रेस सेवादल ने मनाई डॉ . अंबेडकर जयंती

जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा मंगलवार को अहमदपुर चौराहा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई.इस अवसर पर मोहित रघुवंशी ने कहा कि सभी को बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए. उन्होंने समाज में भेदभाव समाप्त कर समतामूलक भारत के निर्माण पर जोर दिया.जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने बताया कि कार्यक्रम में रणधीर सिंह ठाकुर, मनोज कपूर, सुभाष बोहरे, अनुमा आचार्य, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू सहित विभिन्न मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### पठारी में चल समारोह के साथ विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजन

नगर में भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ विभिन्न स्थानों पर मनाई गई. इस दौरान छपारा तिराहा से भव्य चल समारोह निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए खुरई रोड स्थित अंबेडकर भवन पहुंचकर संपन्न हुआ.वहीं ग्राम पंचायत भवन पठारी में सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी एवं ग्राम वडोह में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष आरती चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाया गया तथा वक्ताओं ने उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला.

### सांची में उत्साह और श्रद्धा से मनी बाबा साहब की 135वीं जयंती

नगर में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साह, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाई गई . इस अवसर पर बस स्टैंड परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा.जयंती के अवसर पर नगर परिषद द्वारा स्थल पर विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की गई थी . कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने समर्थकों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की . इसके बाद दिनभर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों एवं आम नागरिकों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करने का क्रम जारी रहा.

### गुलाबगंज में हर्षोल्लास से मनी अंबेडकर जयंती

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को नगर में आनंद और उत्साह के साथ मनाई गई.इस अवसर पर श्री रविदास मंदिर से विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए. नगर भ्रमण के बाद जुलूस संत रविदास मंदिर में आमसभा के रूप में परिवर्तित हो गया. ग्यारसपुर में बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर हुआ भव्य माल्यार्पण कार्यक्रम

### ग्यारसपुर में भी मनी जयंती

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर ग्यारसपुर में श्रद्धा और सम्मान के साथ माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी वरिष्ठ नेता बाबूलाल कुशवाहा तुलसीराम अहिरवार वी आर सी ज्ञान सिंह अहिरवार कीरत सिंह अहिरवार दंगल सिंह अहिरवार परमलाल भोलाराम विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे.



## कुशवाह समाज की बैठक में फरार डॉ . दंपति की गिरफ्तारी की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** लवकुश मंदिर में रविवार को कुशवाह समाज की बैठक हुई. जिसमें प्रसूता कल्पना कुशवाह एवं उसके बच्चे की मौत मामले में आरोपी डॉ. दंपत्ति की गिरफ्तारी की मांग की गई. बैठक में मामले में बरती जा रही उदासीनता को लेकर समाजजनो ने चिंता व्यक्त करते हुए रोष जताया. बैठक में समाज ने तय किया है जल्द ही मामले को लेकर कुशवाह समाज एसपी को ज्ञापन सौंपेगी. वहीं मामले में कार्यवाही ना होने पर समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने का भी निर्णय किया गया. बैठक में बुंदेल सिंह कुशवाह, सीताराम कुशवाह, कैलाश बाबू कुशवाह, लक्ष्मी कुशवाह, रेवाराम कुशवाह, बालमुकुंद कुशवाह, भीमराज कुशवाह, कृष्ण चंद्र पटेल आदि समाजजन उपस्थित रहे.

## अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शिक्षकों ने क्षेत्र के विधायक हरिसिंह सप्रे को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को लेकर शासन से हस्तक्षेप की अपील की. माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा ( टीईटी ) अनिवार्य हो गई है, जिसे समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करवाने की मांग की गई.**ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं. इससे प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों के भविष्य पर संकट की स्थिति बन गई है और उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है.संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत प्रदान की जाए. ज्ञापन सौंपने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक विधायक कार्यालय पहुंचे और विधायक श्री सप्रे से चर्चा कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया.